# जूनियर–सीनियर का खेल या नियमों की अनदेखी?

▶ 10वीं तक मान्यता, फिर भी 12वीं के लिए एडमिशन

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** निजी स्कूलों की मनमानी और नियमों की अनदेखी का गंभीर मामला सामने आया है। देवरा देवनारायण नगर स्थित द किंग्स एकेडमी पर पालकों को भ्रमित करने के साथ-साथ शिक्षा विभाग के नियमों के उल्लंघन के आरोप भी लग रहे हैं।

स्कूल भवन पर लगे बोर्ड में 'जूनियर एवं सीनियर स्कूल' लिखा गया है, जिससे यह आभास होता है कि यहां 12वीं तक कक्षाएं संचालित हैं, जबकि जानकारी के अनुसार स्कूल को केवल 10वीं तक की ही मान्यता प्राप्त है। आरोप है कि इसके बावजूद 12वीं में भी प्रवेश दिए जा रहे हैं। विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर पालकों ने चिंतित है और सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की हैं।




## ▶ ये बताए जा रहे नियम

नियम अनुसार कंडिका (2017) के अनुसार कक्षा 1 से 12वीं तक की नवीन मान्यता के लिए संस्था के नाम पर कम से कम एक एकड़ पंजीकृत भूमि होना अनिवार्य है। साथ ही खेल मैदान और अन्य सुविधाओं के लिए भी पर्याप्त भूमि होना जरूरी है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि संबंधित स्कूल को कक्षा 9वीं और 10वीं की मान्यता किन आधारों पर प्रदान की गई।

## भूमि, भवन को लेकर भी सवाल

जानकारी के अनुसार, विद्यालय में कक्षा 1 से 12वीं तक की कक्षाएं अलग-अलग भवनों में संचालित की जा रही हैं। मुख्य भवन के सामने स्थित एक अन्य इमारत में प्रथम तल पर दुकानें, द्वितीय तल पर किरायेदार और तृतीय तल पर स्कूल की कक्षाएं संचालित हो रही हैं। आरोप है कि इस भवन पर स्कूल का बोर्ड भी नहीं लगा है और न ही कोई रजिस्टर्ड किरायानामा उपलब्ध है।



**अतिक्रमण के आरोप भी:** स्कूल परिसर के सामने शासकीय भूमि पर सड़क की ओर लगभग 15 फीट एवं 60 फीट तक अतिक्रमण कर स्थायी गेट लगाए जाने के भी आरोप हैं, जबकि शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज़ी से चल रही है।

### इनका कहना है...

अभी कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। स्कूल की जांच करवाई जाएगी। नियमों की अनदेखी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। 'जूनियर-सीनियर' लिखना नियमों के अनुसार मान्य नहीं है।

**अशोक लोढ़ा, डीईओ, रतलाम**

### पालकों में आक्रोश, शिकायत दर्ज

पालकों का कहना है कि भ्रामक जानकारी और नियमों के उल्लंघन से बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। मामले की शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर भी की जा चुकी है।

**जांच की मांग तेज:** स्थानीय लोगों और पालकों ने शिक्षा विभाग एवं प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की गड़बड़ियों पर रोक लग सके।

# 82 आंगनवाड़ी–11 स्कूल बिल्डिंग निर्माण को मंजूरी

▶ सांसद ने जताया आभार, शिक्षा और पोषण सुविधाओं को मिलेगी मजबूती

**रतलाम।** जिले में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को लेकर बड़ा कदम उठाते हुए 82 आंगनवाड़ी भवन और 11 विद्यालय भवनों की स्वीकृति दी गई है। इस पर सांसद अनिता नागरसिंह चौहान ने प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

सांसद ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश में विकास कार्यों को लगातार गति मिल रही है। उन्होंने आंगनवाड़ी भवनों की स्वीकृति के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया तथा विद्यालय भवनों के लिए जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह का भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

स्वीकृत विद्यालय भवनों में 9 हाई स्कूल और 2 प्राथमिक विद्यालय शामिल हैं। हाई स्कूल भवनों के लिए प्रति विद्यालय लगभग 3.96 करोड़ रुपये तथा प्राथमिक विद्यालयों के लिए करीब 28.86 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वहीं 82 आंगनवाड़ी भवनों के लिए प्रति भवन 11.22 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। सांसद चौहान ने कहा कि इन भवनों के निर्माण से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बच्चों को बेहतर शिक्षा और पोषण सुविधाएं मिलेंगी। आंगनवाड़ी केंद्रों से माताओं और बच्चों को सुरक्षित वातावरण मिलेगा, जबकि नए स्कूल भवनों से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। उन्होंने इसे जिले के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि इससे शिक्षा और महिला-बाल कल्याण के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आएगा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी इस स्वीकृति पर मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्रियों का आभार माना।

## एक नजर में

### युवक की संदिग्ध मौत, जहरीला पदार्थ सेवन की आशंका

**रतलाम।** डीडी नगर थाना क्षेत्र के ग्राम मऊडीपाड़ा पलसोडी में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। प्रारंभिक जांच में जहरीला पदार्थ सेवन करने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के अनुसार 23 वर्षीय सुरेश मईडा की तबीयत गुरुवार सुबह करीब 4.45 बजे अचानक बिगड़ गई। परिजनों द्वारा उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) रतलाम ले जाया गया, जहां सुबह करीब 9 बजे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर युवक की मौत जहरीला पदार्थ सेवन से होना प्रतीत हो रही है। विवेचना कार्यवाहक उपनिरीक्षक दिनेश कुमार मावी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### आश्रम में व्यक्ति की संदिग्ध मौत, कारण अज्ञात

**रतलाम।** डीडी नगर थाना क्षेत्र के सागोद रोड स्थित अपना घर आश्रम में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। घटना की सूचना गुरुवार सुबह करीब 7.30 बजे पुलिस को मिली। पुलिस के अनुसार आश्रम में रह रहे अर्जन भाई (52), निवासी अहमदाबाद (गुजरात), की अचानक मृत्यु हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। प्रारंभिक तौर पर मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक जगनसिंह बिलवाल द्वारा की जा रही है।

### पुरानी रंजिश में शराब दुकान के सामने युवक से मारपीट, जान से मारने की धमकी

**आलोट।** थाना क्षेत्र के विक्रमगढ़ में गुरुवार रात पुरानी रंजिश के चलते एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना रात करीब 10.20 बजे शराब दुकान के सामने की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार प्रेमिलागंज आलोट निवासी विकास (22) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पप्पू, शंभूलाल, ध्रुव और ऋतेष ने पुरानी रंजिश की बात को लेकर उसे रोककर गाली-गलौज की और मारपीट कर दी। इस दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। प्र.आर. अमित भावसार ने बताया कि घटना के बाद पीड़ित ने थाना आलोट में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर से निकलने को लेकर विवाद, महिला से मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

**रतलाम।** औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत डोसीगांव में घर से निकलने की बात को लेकर हुए विवाद में एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना 8 अप्रैल की रात करीब 8.30 बजे की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार डोसीगांव निवासी रेखा पाल (38) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पड़ोस में रहने वाले किरण और पंकज पाल ने घर से बाहर निकलने की बात को लेकर उससे अश्लील गाली-गलौज की और मारपीट कर दी। इस दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। साथ ही घर के बाहर लगे नल को तोड़कर नुकसान पहुंचाया। विवेचना प्र.आर. संजय राठौर ने बताया कि घटना के बाद फरियादी की शिकायत पर औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पेयजल परिरक्षण अधिनियम लागू

**रतलाम।** ई ई पी एच ई जान्गले ने बताया कि रतलाम जिले के विभिन्न विकासखण्डों में वर्तमान में गिरते भू-जल स्तर से ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित पेयजल स्त्रोत यथा हैण्डपंप, नलकूप आदि जल स्तर की कमी तथा भू-जल स्तर में निरंतर गिरावट परिलक्षित हो रही है।

साथ ही जल जीवन मिशन के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल प्रदाय हेतु क्रियान्वित नलजल योजनाऐं भू-जल पर आधारित होने से इनकी क्रियाशीलता पर भी विपरित प्रभाव परिलक्षित हो रहा है। जिले में ग्रामीण क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था पूर्ण रूप से भू-जल पर निर्भर होने से आगामी ग्रीष्म ऋतु में पर्याप्त मात्रा में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु वर्तमान में उपलब्ध पेयजल स्त्रोतों को निरंतर क्रियाशील रखे जाने हेतु वर्तमान में उपलब्ध भू-जल भण्डारण को सुरक्षित रखा जाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। उपरोक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुऐ जिले के अतिदोहित विकासखण्डों आलोट, जावरा, पिपलौदा, रतलाम, सैलाना, बाजना में 15 जुलाई, अथवा पर्याप्त वर्षा होने तक कलेक्टर मिशा सिंह ने पेयजल परिरक्षण अधिनियम लागू किया है। आदेश का उल्लंघन करते पाये जाने अथवा किये जाने पर मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम के तहत उल्लंघन सिद्ध पाये कारावास या अर्थदण्ड से दंडित किया जाएगा।

# हंगामे के बाद निगम बजट पारित, कांग्रेस का वॉकआउट

▶ पक्ष-विपक्ष में बहस के बीच पारित हुआ 2026-27 का बजट, 30.47 लाख की बचत का अनुमान

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित नगर निगम के साधारण सम्मेलन में वित्तीय वर्ष 2026-27 का आय-व्यय पत्रक (बजट) पारित कर दिया गया। इससे पहले 7 अप्रैल को महापौर प्रहलाद पटेल द्वारा बजट पेश किया गया था।

बजट के अनुसार निगम की विभिन्न स्रोतों, अंशदान एवं अनुदान से प्रस्तावित कुल आय 54,353.50 लाख रुपये तथा इसके मुकाबले प्रस्तावित व्यय 54,323.03 लाख रुपये रखा गया है। इस प्रकार 30.47 लाख रुपये की संभावित बचत दर्शाई गई है।



सम्मेलन में बजट पर पक्ष-विपक्ष के पार्षदों ने विस्तार से चर्चा की। नेता प्रतिपक्ष शांतिलाल वर्मा ने बजट का विरोध करते हुए कांग्रेस पार्षद दल के साथ ही सदन से वॉकआउट किया।

### कार्रवाई के निर्देश

इसके बाद महापौर प्रहलाद पटेल और नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया ने शहर की विकास योजनाओं पर अपनी बात रखी। विपक्ष के बहिर्गमन के बाद उपस्थित भाजपा पार्षदों ने बजट को सर्वसम्मति से पारित कर दिया। निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा ने सदस्यों द्वारा उठाए गए मुद्दों और सुझावों पर निगम आयुक्त अनिल भाना को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य, पक्ष एवं विपक्ष के पार्षदों ने भाग लेकर विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे।

## घर में घुसकर बुजुर्ग से मारपीट, दी धमकी

**रतलाम।** माणकचौक थाना क्षेत्र के सुतारों का वास इलाके में गुरुवार रात घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना रात करीब 10.40 बजे की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार सुतारों का वास निवासी झमकलाल भरगट (69) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कृष्णा शर्मा, चेतनकुमार शर्मा, अदिति शर्मा एवं एक अन्य महिला ने उनके घर में घुसकर गाली-गलौज की और उनके साथ तथा सुरेन्द्र भरगट के साथ मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद फरियादी की शिकायत पर माणकचौक थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# स्कूलों में 'बर्थ-डे कल्चर' पर सख्ती, डीईओ का आदेश

**सैलाना/रतलाम।** सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार द्वारा विद्यालयों में शिक्षकों के माध्यम से मनाई जा रही बर्थडे पार्टियों पर रोक लगाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को लिखे गए पत्र के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी, रतलाम ने इस संबंध में सख्त निर्देश जारी करते हुए सभी शासकीय विद्यालयों में इस प्रकार की गतिविधियों पर रोक लगा दी है। जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि विद्यालयों में शैक्षणिक समय के दौरान बर्थडे पार्टी जैसे आयोजनों से पढ़ाई बाधित होती है और इसका सीधा असर विद्यार्थियों की शिक्षा पर पड़ता है। विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों पर इसका नकारात्मक प्रभाव देखा गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि विद्यालयों में केवल शैक्षणिक एवं आवश्यक गतिविधियां ही संचालित की जाएं। गैर-शैक्षणिक आयोजनों से दूर रहकर शिक्षण कार्य को प्राथमिकता दी जाए और आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। इस आदेश के बाद जिले के शासकीय विद्यालयों में अनुशासन और पढ़ाई के माहौल को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



# समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरू

**रतलाम।** शासन के निर्देशानुसार जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कार्य का आज से प्रारंभ किया गया। उपार्जन केन्द्रो पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा अन्नदाता किसानों का पुष्प माला पहनाकर एवं मुंह मीठा कराकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। उपार्जन केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। केंद्रों पर गेहूं तुलाई का कार्य सुचारु रूप से प्रारंभ हो गया। किसानों में उत्साह एवं संतोष का वातावरण देखा गया। जिले के उपार्जन केंद्रों पर स्लाट बुकिंग अनुसार खरीदी कार्य प्रारंभ हो चुका है।

# स्कूल के सामने तेज रफ्तार ऑटो ने मारी टक्कर, एक घायल

**रतलाम।** स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के न्यू रोड स्थित गुरु तेग बहादुर स्कूल के सामने गुरुवार शाम तेज रफ्तार ऑटो की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। घटना रात करीब 8.15 बजे की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार टाटा नगर निवासी राधेश्याम (42) सड़क पर जा रहे थे, तभी सवारी ऑटो (क्रमांक एमपी-43-के-3490) के चालक ने वाहन को तेज गति व लापरवाही से चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वे घायल हो गए। घटना के बाद फरियादी की रिपोर्ट पर स्टेशन रोड थाना पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हाईवे जाम और डायल–112 से मारपीट मामला, तीन गिरफ्तार

▶ फोरलेन जाम कर शासकीय वाहन में तोड़फोड़, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** हाईवे फोरलेन जाम करने और डायल-112 के चालक से मारपीट व अभद्रता के मामले में थाना नामली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार तथा एसडीओपी किशोर पाटनवाला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गायत्री सोनी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। घटना 8 अप्रैल 2026 को थाना नामली क्षेत्र के ग्राम कांडरवासा फंटे की है। जानकारी के अनुसार, सड़क दुर्घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई थी। इसी दौरान कुछ शरारती तत्वों ने वाहनों को रोककर हाईवे पर जाम लगा दिया। सूचना पर डायल-112 वाहन मौके पर पहुंचा, जहां मौजूद लोगों ने चालक के साथ अभद्रता करते हुए गाली-गलौज की और भीड़ को उकसाया।

आरोप है कि भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने शासकीय वाहन पर पथराव कर उसके कांच तोड़ दिए और दरवाजा क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही वाहन को आगे बढ़ने से रोक दिया, जिससे करीब दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया और आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसी दौरान दुर्घटना में शामिल ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने इस मामले में विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर सीसीटीवी व वीडियो फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की। अब तक अर्जुन बागरी (19), कन्हैयालाल बागरी (24) और राहुल बागरी (20) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, अन्य आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। इस कार्रवाई में थाना नामली के पुलिस बल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# महावीर जैन नेशनल स्कूल में मनाया विश्व नवकार मंत्र दिवस



**जावरा।** विश्व नवकार मंत्र दिवस पर महावीर जैन नेशनल स्कूल में एक भव्य एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने एकत्र होकर सामूहिक रूप से नवकार मंत्र का जाप किया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रद्धा, भक्ति और शांत वातावरण के साथ हुई, जिसमें विद्यालय परिसर नवकार मंत्र की मधुर ध्वनि से गुंजायमान हो उठा और पूरा वातावरण भक्तिमय बन गया। विद्यार्थियों ने पूरे श्रद्धा भाव के साथ नवकार मंत्र का स्मरण करते हुए विश्व शांति, सद्भावना, भाईचारे और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश दिया।

इस आध्यात्मिक आयोजन ने सभी उपस्थित लोगों को सकारात्मक ऊर्जा और प्रेरणा से भर दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय द्वारा एक विशेष डिजिटल रील भी तैयार की गई, जिसमें वर्तमान समय में विश्व में चल रही विभिन्न समस्याओं और चुनौतियों को दर्शाते हुए यह संदेश दिया गया कि नवकार मंत्र के सिद्धांतों को अपनाकर विश्व में शांति, सद्भाव और सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई यह रचनात्मक प्रस्तुति सभी के लिए अत्यंत प्रेरणादायक और सराहनीय रही। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अश्विन गंगवाल ने इस अवसर पर कहा कि नवकार मंत्र केवल जैन धर्म का ही नहीं बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए शांति, समानता और सद्भाव का संदेश देने वाला महान मंत्र है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि हम अपने जीवन में नवकार मंत्र के आदर्शों को अपनाएं तो समाज में सकारात्मकता और भाईचारा स्वत: ही बढ़ेगा।

## रास्ता रोककर मारपीट जान से मारने की धमकी

**रतलाम।** माणकचौक थाना क्षेत्र के ईदगाह रोड स्थित पार्षद धर्मेन्द्र रांका के घर के बाहर गुरुवार रात विवाद का मामला सामने आया है।

घटना रात करीब 10.30 से 11 बजे के बीच की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार ईदगाह रोड निवासी अदिति शर्मा (26) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि झमक भरगट, सुरेश, संजू, हेमन्त और गौरव भरगट ने उसके व उसके पति दीपक उर्फ कृष्णा शर्मा के साथ गाली-गलौज की।

आरोप है कि आरोपियों ने फरियादिया के ससुर चेतनप्रकाश का रास्ता रोककर उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने घटना के बाद फरियादिया की शिकायत पर माणकचौक थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**एक नजर में** ▶ जनप्रतिनिधियों ने टंकी निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

# अमृत 2.0 योजना के तहत चौपाटी पर पानी टंकी का निर्माण शुरू



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** आमजन को बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अमृत 2.0 योजना के तहत चौपाटी पर नई पानी की टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है। यह परियोजना शहर की जल व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

वार्ड पार्षद शिवेंद्र माथुर ने बताया कि लंबे समय से क्षेत्र में पानी की समस्या बनी हुई थी, जिसे ध्यान में रखते हुए इस टंकी का निर्माण चल रहा है व नवीन पाइप लाइन भी डाली गई है। इसके पूर्ण होने के बाद कई वार्डों में नियमित और पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

इस परियोजना में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है ताकि नागरिकों को जल्द से जल्द स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। खासकर गर्मी के मौसम में होने वाली पानी की किल्लत से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। यह निर्माण कार्य शहर के विकास और आमजन की मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है। चौपाटी पर पानी की टंकी निर्माण कार्य प्रारंभ होने पर रहवासियों ने सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक राजेंद्र पाण्डेय, नगर पालिका अध्यक्ष अनम मोहम्मद यूसुफ कडपा का आभार प्रकट किया। टंकी निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान पार्षद रजत सोनी, योजना के इंजीनियर राजीव राव, रशीद खान, ठेकेदार सुरेंद्र दास आदी उपस्थित थे।